NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-135, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 21 नवम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



## मैक्सिको की फातिमा बनीं मिस यूनिवर्स 2025

**बैंकॉक।** मैक्सिकन ब्यूटी फातिमा बॉश नई मिस यूनिवर्स बनी हैं। थाईलैंड में आयोजित हुए इस प्रतिष्ठित पेजेंट में दुनियाभर की सुंदरियों में से फातिमा बॉश ने मिस यूनिवर्स का ताज अपने नाम किया। बता दें कि भारत टॉप 12 की रेस से बाहर हो गया। फातिमा का नाम जैसे ही विजेता के रूप में लिया गया और उनके सिर पर इसे सजाया गया, तो मैक्सिकन ब्यूटी के आंसू छलक उठे। यह आंसू उनकी वर्षों की मेहनत, महीनों के धैर्य और अपार खुशी का मिश्रण थे। वे भावुक भी थीं और बेहद खुश भी। रेड कलर के गाउन में वे बेहद खूबसूरत लगीं। साल 2025 में मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में फर्स्ट रनरअप इस आयोजन की मेजबानी कर रहे थाइलैंड की मॉडल प्रवीणर सिंह रहीं। वेनेजुएला की मॉडल स्टीफिन अबासली दूसरी रनरअप रहीं। तीसरे नंबर पर फिलिपिन्स की मॉडल अतीशा मनालो रहीं। चौथी रनरअप कोत दिव्वार की मॉडल रहीं।

> भारत की मणिका विश्वकर्मा टॉप-30 तक ही पहुंचीं

## दुखदः आज थी बेटे की सगाई, रात को पूरा परिवार खत्म



### आग से घर में जहरीला धुआं भरा, पति-पत्नी और 2 बेटों की मौत

**गोधरा।** गुजरात के गोधरा में देर रात घर में लगी आग के धुएं से दम घुटकर एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। परिवार के बड़े बेटे की आज सगाई होनी थी। रात को पूरी तैयारियां की गईं। सुबह उन्हें वापी निकलना था, लेकिन आग लगने से उठे जहरीले धुएं ने उनकी जान ले ली। मृतकों में कमलभाई दोशी (50), उनकी पत्नी देवलबेन (45), बड़ा बेटा देव (24) और छोटा बेटा राज (22) शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, देर रात ग्राउंड फ्लोर पर रखे सोफे में शॉर्ट-सर्किट या किसी दूसरे कारण से आग लग गई। घर चारों तरफ से कांच से बंद था, ऐसे में जहरीला धुआं बाहर नहीं निकल पाया। ऐसे में किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। पड़ोसियों ने सुबह घर से धुआं उठता देखा तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लेकिन तब तक सभी की मौत हो चुकी थी।

# बांग्लादेश में 5.5 तीव्रता का भूकंप, तीन लोगों की मौत

### भारत के कोलकाता में भी महसूस हुए झटके


**ढाका।** बांग्लादेश में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.5 मापी गई है। भूकंप से जुड़ी घटनाओं पर नजर रखने वाली अमेरिकी एजेंसी- यूएसजीएस के मुताबिक भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के नरसिंगडी के पास रहा। पड़ोसी देश में अब तक तीन लोगों के हताहत होने की खबर है।

बांग्लादेश में 5.5 तीव्रता का भूकंप आने के बाद पश्चिम बंगाल में भी तेज झटके महसूस किए जाने की खबर है। अमेरिकी एजेंसी- वरत्रह ने बताया है कि भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के नरसिंगडी के पास रहा। फिलहाल, किसी भी तरह के जानमाल के



नुकसान की खबर नहीं मिली है। बांग्लादेश में तीन लोगों की मौत हुई है। कुछ लोगों के घायल होने की खबर भी आई है। स्थानीय अधिकारियों ने फिलहाल हताहतों के संबंध में आंकड़े जारी नहीं किए हैं। इस संबंध में सूचनाएं लगातार अपडेट हो रही हैं।

भूकंप के कारण ढाका में कुछ जगहों पर मकान को नुकसान हुआ है। नगरसिंडी में लगे झटकों के बाद राहत और बचाव कार्य की एजेंसियां प्रभावित इलाकों में पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। खबर लिखे जाने तक किसी की मौत की सूचना नहीं मिली है। इससे पहले अमेरिकी एजेंसी- यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप के झटके शुक्रवार सुबह 10.08 बजे महसूस किए गए।



# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

## एयर क्वालिटी इंडेक्स 506 पहुंचा, सभी स्कूलों में स्पोर्ट इवेंट्स पर रोक

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था आईक्यूएयर की नवीनतम लाइव रैंकिंग में भारत की राजधानी दिल्ली ने एक बार फिर चिंताजनक रिकॉर्ड दर्ज किया है। सुबह जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 506 दर्ज हुआ, जो बहुत ज्यादा खतरनाक श्रेणी में आता है और सीधे तौर पर लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। रैंकिंग में दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है। इसके साथ ही दक्षिण एशिया के कई बड़े शहर इस सूची में शीर्ष स्थानों पर हैं।

विशेषज्ञों ने इस खतरनाक स्तर को स्वास्थ्य के लिए खतरा मानते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। आईक्यूएयर की विश्व लाइव रैंकिंग के मुताबिक, 20 नवंबर को इस सूची में पहले स्थान पर दिल्ली के बाद दूसरे स्थान पर उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद 251 के एक्यूआई के साथ दर्ज है। तीसरे नंबर पर पाकिस्तान का लाहौर (एक्यूआई 215), चौथे पायदान पर बांग्लादेश की राजधानी ढाका 211, एक्यूआई के साथ है। भारत का कोलकाता भी 211 के एक्यूआई के साथ पांचवें स्थान पर है। ऐसे में ये स्थिति बताती है कि दक्षिण एशिया के कई बड़े शहर गंभीर वायु संकट से जूझ रहे हैं।



दिल्ली एनसीआर में लगातार बढ़ते प्रदूषण का प्रभाव लोगों की सेहत पर साफ देखने को मिल रहा है। अस्पतालों में सांस संबंधी मरीजों की संख्या बढ़ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि एक्यूआई 500 के पार लंबे समय तक रहने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों के संक्रमण व दिल संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। भारत के दो अन्य प्रमुख महानगर मुंबई (एक्यूआई 160) व कोलकाता (एक्यूआई 211) भी टॉप-10 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल हैं, जो चिंताजनक है।

'सर्दियों में हवा की रफ्तार धीमी होने, पराली जलने, वाहनों का उत्सर्जन और औद्योगिक गतिविधियों के चलते प्रदूषण बढ़ता है। सर्दियां शुरू होने पर प्रदूषण जब बढ़ता है तो प्रदूषण को लेकर बात चलती है। लेकिन प्रदूषण के कारकों पर 12 महीने काम करने की जरूरत है। यह कोई सीजनल समस्या नहीं है। सरकार को प्रदूषण से निपटने के लिए एक विस्तृत एक्शन प्लान पर काम करने की जरूरत है।"

**– डॉक्टर जितेंद्र नागर, डीयू प्रोफेसर और पर्यावरण विद्**

## 'अपनी जमीन रूस को दो, सेना को कम करो'

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को 3 साल से ज्यादा समय बीत चुका है। अब तक इस युद्ध को खत्म कराने की सभी कोशिशें नाकाम रही हैं। न ही इस युद्ध का कोई नतीजा निकल पाया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप काफी समय से इस जंग को खत्म करवाने की कोशिश में लगे हुए हैं। ऐसे में अब एपी ने जानकारी दी है कि अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए एक नए शांति प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया है। इस प्रस्ताव में रूस को जमीन देने और यूक्रेन की सेना के आकार को सीमित करने की बात कही गई है।

एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सैन्य सचिव समेत कई हाई लेवल के सैन्य अधिकारी शांति वार्ता में मदद के लिए यूक्रेन भी पहुंचे हैं। अमेरिकी व्हाइट हाउस के उप प्रमुख स्टीफन मिलर ने नए शांति प्रस्ताव पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, उन्होंने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप का मकसद यूरोप में शांति स्थापित करना और निर्दोष लोगों की जान बचाना है। हालांकि, खबर ये भी है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की इस प्रस्ताव को पहले ही खारिज कर चुके हैं।

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जानकारी दी है कि उनके अधिकारियों द्वारा एक स्थायी शांति समझौते पर गौर किया जा रहा है और ये आगे भी होता रहेगा। इसके लिए दोनों पक्षों (रूस और यूक्रेन) को मुश्किल लेकिन जरूरी समझौते करने होंगे। वहीं, रूस की सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने भी इस मामले में टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए फिलहाल अमेरिका से कोई बातचीत नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि कुछ संपर्क जरूर हुए हैं, लेकिन उन्हें वास्तविक परामर्श नहीं कहा जा सकता।

## आज से दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार 21 नवंबर से लेकर 23 नवंबर तक जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रहेंगे। पीएम मोदी दक्षिण अफ्रीका में आयोजित हो रहे 20वें जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं। बता दें कि ये विकासशील देशों में आयोजित होने वाला लगातार चौथा जी20 शिखर सम्मेलन है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी समेत कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भाग लेने जा रहे हैं। पीएम मोदी इस कार्यक्रम में जी20 एजेंडा पर भारत का दृष्टिकोण पेश करेंगे।

## अयोध्या से लौट रही बस 20 फीट गहरी खाई में गिरी



**पटना।** बाढ़ इलाके में मोकामा फोरलेन पर शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। अयोध्या से सिमरिया धाम लौट रही तीर्थयात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में एक महिला श्रद्धालु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से मोकामा ट्रॉमा सेंटर और रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि सभी यात्री मधुबनी जिले के रहने वाले हैं और अयोध्या दर्शन के बाद सिमरिया धाम जाने के लिए निकले थे। बस में कुल 45 यात्री सवार थे। बरहपुर बाइपास के पास पहुंचते ही बस चालक को अचानक झपकी आ गई, जिसके बाद वाहन नियंत्रण खो बैठा और खाई में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग तुरंत राहत-कार्य में जुट गए और मोकामा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा और बस को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एईडीपी पाठ्यक्रमों के लिए हुआ फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

एनएनआई

**लखनऊ।** सीआरआईएसपी उत्तर प्रदेश टीम द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय में एईडीपी पाठ्यक्रमों–बीएफएसआई एवं रिटेल– हेतु तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य भर के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, लखनऊ विश्वविद्यालय, कानपुर विश्वविद्यालय, सीसीएसयू सहित अन्य संस्थान शामिल रहे।




कार्यक्रम का उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में फैकल्टी की दक्षता बढ़ाना तथा उद्योग आधारित प्रशिक्षण पद्धतियों से शिक्षकों को परिचित कराना था। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की ओर से दाऊ दयाल इंस्टिट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निशांत चौहान तथा के-के पचौरी ने इस एफडीपी में सक्रिय रूप से सहभागिता की।

कार्यक्रम के विशेषज्ञों ने बताया कि एईडीपी मॉडल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार-केंद्रित शिक्षा से जोड़ना और उन्हें उद्योग-तैयार बनाना है। एफडीपी के दौरान प्रतिभागियों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों, कक्षा प्रबंधन, स्किल-बेस्ड कंटेंट डिलीवरी तथा उद्योग मानकों के अनुरूप पाठ्यक्रम संरचना पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 21 नवम्बर 2025


# जंगल में खून से सनी मिली महिला

## सिर में मारी गोली, पति पर आरोप




एनएनआई

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के जंगल में लहूलुहान स्थिति में महिला मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान महिला को निजी अस्पताल भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि महिला के सिर में गोली मारी गई है। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मायके वालों ने महिला के पति पर गोली मारने का आरोप लगाया है।

महिला की पहचान थाना गोविंद के जगन्नाथपुरी निवासी खुशी (23) के रूप में हुई है। चिकित्सक के अनुसार गोली महिला के सिर में लगी है। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। महिला की थाना गोविंदनगर के महाविद्या कॉलोनी निवासी सूरज से शादी हुई थी। महिला के पिता विपिन कुमार ने पति पर ही गोली मारने का आरोप लगाया है। पुलिस अनुसार पिछले छह माह से पति पत्नी के बीच विवाद बना हुआ था। पिछले करीब 25 दिन पहले तलाक का केस भी डल गया। सीओ सदर संदीप कुमार ने बताया महिला की सिटी अपस्ताल में इलाज चल रहा है। गोली मारने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## फिरोजाबाद में सात महिला चोर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद** एनएनआई। पुलिस ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में जेब काटने और बैग चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली मध्य प्रदेश की सात महिला चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 60,500 रुपए नकद बरामद किए हैं। इन महिलाओं ने 14 नवंबर को स्टेट बैंक के पास से एक लाख रुपए से भरा बैग चोरी करने की वारदात कबूल की है।

थाना उत्तर प्रभारी संजुल पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं में सुनीता, रामबाई, राधिका, रोमा, सोनम, दुर्गा और कविता शामिल हैं। ये सभी मध्य प्रदेश के राजगढ़ जनपद के बोड़ा थाना क्षेत्र के कढिया गांव की निवासी हैं। पूछताछ में महिलाओं ने अपने गिरोह के काम करने के तरीके का खुलासा किया। वे बैंकों, रेलवे स्टेशनों, बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों की जेब, पर्स और बैग काटकर पैसे और सामान चोरी करती थीं।

गिरफ्तारी से बचने के लिए उनका तरीका बेहद चालाकी भरा था। चोरी का सामान वे तुरंत एक-दूसरे को पास कर देती थीं, जिससे मौके पर किसी के पास कुछ नहीं मिलता था। इसी वजह से वे कई बार वारदातें करके भी बच निकलती थीं। पुलिस ने 14 नवंबर को स्टेट बैंक के पास हुई एक लाख रुपए की चोरी के मामले का भी खुलासा किया है।

# भारत सरकार लिखी कार नाले में गिरी

## लोगों ने गेट तोड़कर कार सवारों को निकाला बाहर




एनएनआई


**फिरोजाबाद।** देर रात तेज रफ्तार एक कार नाले में जा गिरी। घटना झील की पुलिया के पास नाले की पटरी पर कार अचानक अनियंत्रित होकर सीधे नाले में जा गिरी। गनीमत रही कि कार में सवार दोनों लोगों को मौके पर मौजूद स्थानीय युवकों ने तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना थाना उत्तर क्षेत्र का है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार काफी तेज रफ्तार में थी। चालक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे कार सीधे नाले में जा गिरी। हादसे के बाद लोग तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े। कार पर भारत सरकार लिखा देखकर कुछ ही मिनटों में घटना इलाके में चर्चा का विषय बन गई। दुर्घटनाग्रस्त वाहन का नंबर यूपी 83 डीटी 0974 बताया गया है। सूचना मिलते ही थाना उत्तर पुलिस मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। क्रेन बुलवाकर कार को नाले से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू की दोनों सवारों की स्थिति की जांच की गई। दोनों सुरक्षित पाए गए

स्थानीय निवासियों ने बताया कि पुलिया और नाले की पटरी पर सुरक्षा इंतजाम बेहद कमजोर हैं रेलिंग न होने से हादसे का जोखिम हमेशा बना रहता है लोगों ने प्रशासन से यहां तत्काल मजबूत सुरक्षा रेलिंग लगाने की मांग की है ताकि ऐसे हादसे दोबारा न हों। फिलहाल कार में सवार दोनों लोग सुरक्षित हैं। पुलिस पूरी घटना के कारणों की जांच कर रही है और वाहन मालिक व चालक के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।



महिला एवं पुरुष 45,000 होमगार्ड्स की भर्ती हेतु
One Time रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ



1 – अनुभवी – शिक्षकों द्वारा लिखित परीक्षा की तैयारी ।
2 – सप्ताह दर सप्ताह टेस्ट की सुविधा ।
3 – सीमित पाठ्यक्रम (Course) के माध्यम से परीक्षा की तैयारी की सुविधा ।
4 – यदि किसी अभ्यर्थी के साप्ताहिक परीक्षा (Test) में नंबर सही नहीं आते तो उनको अलग से समय देकर तैयारी करायी जायेगी ।
5 – लिखित परीक्षा से पहले ही परीक्षा में अच्छे नंबर लाने योग्य बनाया जायेगा।
6 – लिखित परीक्षा के साथ सेनावृति पुलिस एवं होमगार्ड्स के प्रशिक्षकों द्वारा फिजीकल की तैयारी कराने के सुविधा दी जाएगी।
7 – एकेडमी में लम्बाई एवं सीना नापने की की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी।
8 – ओ.टी.आर एवं आवेदन करने हेतु संपर्क करे।

जे.डी एकेडमी

जे.डी एकेडमी
पताः– तोमर कॉम्प्लैक्स जगनेर रोड, धनौली, आगरा

डायरेक्टर :– जयवीर सिंह तोमर (EX. - कम्पनी कमांडर होमगार्ड्स उत्तर प्रदेश)
मो. 9412416081, 9997490901, 9634148448

# फांवड़े से महिला की हत्या

## थाना डौकी क्षेत्र में हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस



एनएनआई

**आगरा।** थाना डौकी क्षेत्र के कुंडोल में 60 वर्षीय महिला की फावड़े से काटकर हत्या कर दी गई। वारदात को नौकर ने अंजाम दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी नौकर को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना डौकी क्षेत्र के कुंडोल की रहने वाली राजन देवी पत्नी सीता राम शुक्रवार सुबह पशुओं के बाड़े में गोबर उपले थाप रही थीं। उसी समय वहां पर नौकर आ गया। नौकर ने फावड़े से उनके सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस वारदात को आरोपी ने क्यों अंजाम दिया, इसके कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। आरोपी नशे का आदी बताया जा रहा है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शादी में महिला का गहने और कैश से भरा पर्स चोरी

एनएनआई

**आगरा।** थाना सिकंदरा क्षेत्र के एक मैरिज होम में फिरोजाबाद से आई महिला के पर्स से गहने चोरी हो गए। चोर सोने की अंगूठी के साथ पांच हजार रुपये निकाल ले गए। पता चलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियां देखीं। पीड़िता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

फिरोजाबाद के लालऊ निवासी हेमंत रावत ने पुलिस को बताया कि 18 नवंबर को सिकंदरा क्षेत्र स्थित अग्र मिलन मैरिज होम में चचेरी बहन की शादी में वह पत्नी सन्नू और परिजनों के साथ आए थे। 19 नवंबर की सुबह करीब 3:43 बजे एक संदिग्ध युवक मैरिज होम के बाहर गाड़ी खड़ी कर अंदर आ गया।

परिवार की महिलाएं जिस हॉल में सो रहीं थीं, वहां पहुंच गया। उसने चुपके से पत्नी के पर्स से सोने की अंगूठी और पांच हजार निकाल लिए। पत्नी को जागने के बाद चोरी का पता चला। चोर की हरकतें सीसीटीवी में कैद हो गई। वह फुटेज में पहले मंडप के पास घूमता नजर आ रहा है। सिकंदरा थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी में दिख रहे संदिग्ध का पता लगाया जा रहा है। जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## सट्टा खाईबाड़ी करते युवक को पुलिस ने दबोचा

**आगरा** एनएनआई। थाना एत्माद्दौला पुलिस ने बुधवार रात मुखबिर की सूचना पर प्राचीन शिव मंदिर के पास सर्विस रोड स्थित खोखे के पास सट्टा खाईझबाड़ी करते एक युवक को रंगे हाथ पकड़ लिया।

उप निरीक्षक आशू कुमार, अनुरुद्ध कुमार और कॉन्स्टेबल राजकुमार रामबाग क्षेत्र में देर रात्रि गश्त कर रहे थे। उसी समय मुखबिर द्वारा सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले एक आरोपी के खिलाफ जानकारी मिली। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी मनीष कुशवाह उर्फ चूहा (23), निवासी सीतानगर को गिरफ्तार किया। मौके से 5160 रुपये नकद, 13 सट्टा पर्चियां, एक डायरी तथा एक पेन बरामद किए गए। डायरी में 1 से 100 तक नंबरों के आगे लगाए गए रुपये दर्ज मिले। थाना प्रभारी देवेंद्र दुबे ने बताया की पकड़ा गया आरोपी मौके पर लोगों से नंबर लगवाकर पैसे ले रहा था। आरोपी ने पूछताछ में माना कि वह सट्टे की खाई-बाड़ी कर परिवार का खर्च चलाता है। पुलिस ने बरामदगी कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

## डॉक्टर की जमीन पर कब्जे का आरोप

**आगरा** एनएनआई। रामबाग स्थित श्रीजी हॉस्पीटल के संचालक डॉ. एके सिंह ने दबंगों पर उनकी कृषि भूमि को कब्जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. एके सिंह ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2013 व 2020 में एत्मादपुर के गांव चावली में कृषि भूमि कुरा बंटवारे के बाद खरीदी थी। इसकी देखभाल वह गांव चावली के ही विजेंद्र सिंह चौहान द्वारा कराते हैं। आरोप है कि पिछले माह 17 अक्टूबर को वह आलू की फसल बुवाई के लिए खेत जोतने के लिए गये तो यहां के दबंगों ने उनकी बोयी गई सरसों की ऊसल को नष्ट कर दिया। डॉक्टर ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



## पुलिस चौकी के पीछे बरगद के पेड़ से उठी आग की लपटें

**बाह** एनएनआई। जरार पुलिस चौकी के पीछे बरगद के पुराने पेड़ में बुधवार रात 9.30 बजे आग लग गई। आग की लपटें उठने पर पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। तब कहीं जाकर आस पास के लोगों की जान में जान आई। आग लगने की बजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पेड़ के आस पास बिजली की लाइन नहीं है। माना जा रहा है कि किसी ने आग लगाने की शरारत की है। इससे पहले कटारा मार्केट में बैटरी में आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड पहुंची। छानबीन में पता चला कि बैटरी बर्स्ट हो गई है। बड़ा हादसा टलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# रहनकलां-रायपुर में 9 हेक्टेयर भूमि पर को लगाए जाएंगे पौधे

## 1.5 हेक्टेयर भूमि पर विकसित ग्रीन बेल्ट का वन मंत्री ने किया निरीक्षण

एनएनआई

**एत्मादपुर।** रहनकलां-रायपुर क्षेत्र में अधिग्रहित 442 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित परियोजना से प्रभावित हरियाली की क्षतिपूर्ति के लिए वन विभाग यहां नौ हेक्टेयर क्षेत्रफल में हरित पट्टिका (ग्रीन बेल्ट) विकसित करेगा। फिलहाल वन विभाग ने यहां इनर रिंग रोड के किनारे अब तक 1.5 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 1600 पौधे लगा दिए हैं। शेष जमीन अभी उसको उपलब्ध कराने पर पौधे लगाए जाएंगे। गुरुवार को प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डा.अरुण सक्सेना ने रायपुर में वन विभाग के पौधारोपण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वन और पर्यावरण संरक्षण को सरकार की प्राथमिकता में शामिल बताते हुए मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डा.अरुण सक्सेना के आगमन पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (आगरा वृत्त) भीमसेन, वन संरक्षक



अनिल पटेल, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी आगरा राजेश कुमार ने रहनकलां टोल प्लाजा पर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने वन विभाग एत्मादपुर रेंज के 1.5 हेक्टेयर क्षेत्रफल (रायपुर) में वर्ष 2024 - 25 में रोपित 1600 पौधों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि रायपुर में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा इंट्रीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (आईएमसी) विकसित करने 1552 वृक्षों के कटान की अनुमति सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। वृक्षों के कटान से पूर्व ग्रीन बेल्ट विकसित करने के लिए इनर रिंग रोड के पास 1.5 हेक्टेयर क्षेत्रफल में पौधे लगाए गए हैं। यहां नौ हेक्टेयर क्षेत्रफल में पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी पुनीता यादव, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी महेंद्र सिंह, वन दरोगा यतेंद्र सिंह, अरुण भान सिंह, वन रक्षक प्रेमवीर सिंह, रंजीत आदि मौजूद थे।

### शिकायत करने पहुंचे किसान

प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डा.अरुण सक्सेना गुरुवार को रहनकलां में आए थे। यहां अधिग्रहित भूमि पर खड़े हरे-भरे वृक्षों को आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) बिना किसी अनुमति के काट रहा है। बीते दिनों किसानों की शिकायत पर पहुंची वन विभाग की टीम ने एडीए की जेसीबी मशीन को जब्त कर उसके खिलाफ 17 वृक्षों को उखाड़े जाने का मुकदमा भी दर्ज किया है। गुरुवार को वन मंत्री के आगमन की जानकारी होने पर क्षेत्रीय प्रभावित किसान उनसे मिलने को पहुंचे। लेकिन तब तक वन मंत्री जा चुके थे। भू-अधिग्रहण किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता प्रदीप कुमार शर्मा, ग्राम पंचायत रहनकलां के पूर्व प्रधान बनवारी लाल वर्मा का कहना है कि एडीए को बाग-बगीचों में खड़े हरे-भरे वृक्षों, कुआं, नलकूपों और मकानों को ध्वस्त करने से पहले किसानों को पुस्तैनी घरेलू संपत्तियों की क्षतिपूर्ति का मुआवजा देना पड़ेगा, तभी वह जमीन पर कब्जा होने देंगे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com
शुक्रवार, 21 नवम्बर, 2025


# अब व्हाट्सएप नंबर पर मिलेगा सर्टिफिकेट

## नगर निगम ने व्हाट्सएप नंबर पर सर्टिफिकेट भेजने की सुविधा शुरू की

एनएनआई

**आगरा।** आगरा नगर निगम ने व्हाट्सएप नंबर पर सर्टिफिकेट भेजने की सुविधा शुरू कर दी है। दावा किया जा रहा है कि यह सुविधा उपलब्ध कराने वाला आगरा नगर निगम प्रदेश का पहला नगर निगम बन गया है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब नगर निगम के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अब यह प्रमाणपत्र सीधे मोबाइल फोन पर उपलब्ध होगा। ऑनलाइन प्रकिया अपना कर कोई भी नागरिक इसके लिए आवेदन कर सकता है। नागरिकों के लिए यह सुविधा शुरू कर दी गई है। इस संबंध में नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बताया-जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए संचालित पोर्टल में अभी तक नाम और पते में स्पैलिंग मिस्टेक और जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र ऑनलाइन बनवाये जाने की ही




सुविधा थी, जिसे लेने के लिए लोगों को नगर निगम आना पड़ता है। आम नागरिकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए नगर निगम ने आन लाइन वेब पोर्टल में अब इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई है प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने के बाद आवेदक को एक एप्लीकेशन नंबर भी मिलेगा, जिससे वह इसकी ऑनलाइन प्रगति भी जान सकेगा। अगर आवेदन में किसी प्रकार की कोई कमी पाई जाएगी तो विभाग द्वारा उसे ऑनलाइन ही ठीक कर दिया जाएगा। निगम द्वारा आवेदन स्वीकृत होने के बाद डेथ व बर्थ सर्टिफिकेट करेक्शन के साथ ऑनलाइन हीआवेदक को प्राप्त हो जाएगा।पोर्टल के विषय में तकनीकी जानकारी देते हुए नगर निगम के आईटी ऑफिसर गौरव सिन्हा ने बताया-पहले चरण में पोर्टल पर पंजीकरण कर मोबाइल ओटीपी से लॉगिन कर सकते हैं। उपयोगकर्ता द्वारा अपना मोबाइल नंबर दर्ज करने पर सिस्टम ओटीपी भेजेगा इसके बाद उपयोगकर्ता को ओटीपी दर्ज करके लॉगिन करना पड़ता है।

दूसरे चरण में डेथ या बर्थ प्रमाण पत्र के लिए बच्चे या मृतक का विवरण, नाम, लिंग, जन्मतिथि, स्थान, जोन आदि के अलावा माता-पिता का विवरण, नाम, आधार संख्या, पता दर्ज करना होता है।

# आपसी मारपीट के बाद दीवानी में चैकिंग के आदेश

एनएनआई




**आगरा।** दीवानी में वकीलों को दो गुटों के बीच में तीन दिन से मारपीट चल रही है। दोनों पक्षों एक-दूसरे पर हमला करने का आरोप लगा रहे हैं। गुरुवार को तो दो बार मारपीट हुई। वकीलों के चैंबर से लाठी-डंडे बरामद हुए। अवैध हथियार लहराने के भी आरोप लग रहे थे। इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे थे। इन मामलों के बाद सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें वकीलों की भी चेकिंग के आदेश दिए गए।, वहीं वकीलों ने चेकिंग का विरोध करने की बात कही है। दीवानी में 17 नवंबर से लगातार वकीलों के गुट के बीच में मारपीट हो रही है। गुरुवार को दो बार बवाल हुआ। सुबह वकीलों के गुट फिर से भिड़ गए। इसके बाद दोपहर में सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सुरक्षा को लेकर कई निर्णय लिए गए। प्रभारी सुरक्षा अधिकारी व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने बताया कि 21 नवंबर से न्यायालय परिसर में आने वाले हर व्यक्ति जिसमें अधिवक्ता, वादकारियों की पुलिस द्वारा गहन जांच की जाएगी। कोई भी न्यायालय परिसर में शस्त्र लेकर प्रवेश न कर सके। इसके अलावा बिना पहचान पत्र के न्यायालय परिसर में प्रवेश वर्जित होगा। सुरक्षा जांच को लेकर सभी बार एसोसिएशन को अवगत करा दिया गया है।

# डिबार कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाने पर छात्र संघ में आक्रोश



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में शुक्रवार से सेमेस्टर एग्जाम शुरू हो रहे हैं। लेकिन इससे पहले डिबार कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाने पर एनएसयूआई और समाजवादी छात्र सभा ने प्रदर्शन किया। परीक्षा नियंत्रक के न मिलने पर ऑफिस पर ताला लगा दिया।

विश्वविद्यालय में दोनों संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता परीक्षा नियंत्रक से मिलने पहुंचे। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अंकुश गौतम ने आरोप लगाए कि इस बार भी रिश्वत लेकर डिबार कॉलेजों को सेंटर बना दिया गया है। उन्होंने चार कॉलेजों के नाम दिए।

उनका कहना था कि ऐसे तमाम और कॉलेज हैं। उनका आरोप था कि डॉ. बीपीएस कॉलेज, केएल शास्त्री कॉलेज, ताराचंद शास्त्री कॉलेज और श्री रघुकुल महाविद्यालय में पिछले सालों में नकल पकड़ी गई थी। इन कॉलेजों को डिबार किया गया था। लेकिन इस बार फिर से इन्हें सेंटर बना दिया गया है।,परीक्षा नियंत्रक के ऑफिस में न मिलने पर छात्र नेताओं ने ताला लगा दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्र नेताओं का आरोप है कि परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय से गायब रहते हैं। बुधवार को भी छात्र नेताओं ने परीक्षा नियंत्रक की खाली कुर्सी पर परीक्षा नियंत्रक लापता का पोस्टर लगा दिया था। बुधवार को भी छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया था।

# अफ्रीका में फंसा दयालबाग का परिवार

## कंपनी ने पासपोर्ट छीना, खाने तक के लाले

एनएनआई

- लूट का आरोप लगाकर नौकरी से निकाला, मदद की गुहार पर सांसद नवीन जैन ने पीएम को भेजा पत्र



**आगरा।** दयालबाग का एक परिवार अफ्रीका में फंस गया है। जिस भारतीय कंपनी में युवक काम कर रहा था, उसकी कंपनी ने उस पर लूट का आरोप लगाते हुए पासपोर्ट छीन लिया है। नौकरी से निकाले जाने के बाद आर्थिक संकट से परिवार जूझ रहा है। परिवार ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें वो सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। परिवार के पास खाने पीने तक पैसे नहीं है। वीडियो पीड़ित परिवार कहा रहा है कि हमारे पास बेटी के दूध के लिए पैसे नहीं है। अफ्रीका में 10 हजार फीफा के लिए किसी को कोई मार भी सकता है। हमारे घर पर रोज पुलिस आ रही है। हम लोग बहुत परेशान है। हमारी मदद करो।इसी संवेदनशील स्थिति को देखते हुए राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हस्तक्षेप की मांग करते हुए पत्र भेजा है।सांसद नवीन जैन की धीरज जैन से व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से विस्तृत बातचीत भी हुई, जिसमें धीरज जैन और उनकी धर्मपत्नी ने रोते हुए बताया कि वे पूरी तरह निर्दोष हैं और उनका किसी भी विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कंपनी का परमिट समाप्त हो चुका है, इसके बावजूद उन्हें भारत लौटने की अनुमति नहीं दी जा रही है। दंपति ने अपनी गंभीर आर्थिक स्थिति, लगातार बिगड़ती मानसिक हालत और भोजन-राशन तक की कमी का भी दर्द व्यक्त किया।सांसद द्वारा प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में उल्लेख है कि धीरज जैन पिछले लगभग 12 वर्षों से कैमरून की सतगुरु ट्रैवल कंपनी में कार्यरत हैं, लेकिन हाल ही में उत्पन्न आंतरिक विवाद के कारण कंपनी उनका व परिवार का पासपोर्ट वापस नहीं कर रही है, जिससे वे गंभीर मानसिक तनाव में हैं। नवीन जैन ने अनुरोध किया कि भारत सरकार, भारतीय दूतावास और कैमरून के स्थानीय प्रशासन के माध्यम से त्वरित कदम उठाए जाएँ, ताकि धीरज जैन व उनका परिवार जल्द से जल्द भारत लौट सके।

# विवि में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**आगरा (एनएनआई)।** भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जन्मजयंती के अवसर पर डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला तथा ललित कला संस्थान की 25 वें स्थापना दिवस की श्रृंखला के 20 वे कार्यक्रम के रूप में ललित कला संस्थान में पोस्टर निर्माण, स्लोगन निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के पोस्टर आदि का निर्माण किया जा रहा है। इन पोस्टर व स्लोगन का उपयोग जिलास्तरीय व राष्ट्रीय पदयात्राओं के समय किया जाएगा, यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशुरानी की प्रेरणा से तथा ललित कला संस्थान के निदेशक प्रोफे संजय चौधरी के नेतृत्व में की जा रहा है, प्रतियोगिता के संयोजक एप्लाइड आर्ट के शिक्षक देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में संस्थान के सभी विभागों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं, ये प्रतियोगिता 2 दिन चलेगी कल बैनर निर्माण व प्रॉप की प्रतियोगिता होगी। उप निदेशक डॉ मनोज कुमार, डॉ अरविंद राजपूत, डॉ शार्दूल मिश्रा, डॉ शीतल शर्मा, डॉ देवाशीष गांगुली, डॉ गणेश कुशवाह, डॉ ममता बंसल, दीपक कुलश्रेष्ठ, कुसुम, नीरज ने सहयोग किया



# नए सीए सदस्यों का किया गया सम्मान

**वेलनेस के साथ अपनाये सफलता का मार्ग**

एनएनआई



**आगरा।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा की ओर से नए सीए सदस्यों का सम्मान समारोह का आयोजन संजय प्लेस स्थित सीए भवन पर किया गया। शुभारम्भ अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल, उपाध्यक्ष सीए सौरभ नारायण सक्सेना, सचिव सीए अंकित मित्तल, सिकासा अध्यक्ष सीए आयुष गोयल, कोषाध्यक्ष सीए करण पंजवानी, कार्यकारिणी सदस्य सीए साक्षी विवेक जैन और सीए सचिन बूबना ने दीप प्रवज्जलित कर किया। मुख्य वक्ता डॉ. शुभम जैन ने कहा कि आधुनिक पेशेवर जीवन में कार्यस्थल पर वेलनेस को प्राथमिकता देना न केवल व्यक्तिगत विकास बल्कि पेशेवर प्रदर्शन को भी बेहतर बनाता है। तनाव प्रबंधन, माइंडफुलनेस, समय प्रबंधन, स्वास्थ्यप्रद कार्य-आदतें, कार्यालय में सक्रियता बढ़ाने के छोटे अभ्यासों तथा कार्य-जीवन संतुलन बनाए। सफलता तभी सार्थक है जब व्यक्ति मानसिक रूप से संतुलित, शारीरिक रूप से स्वस्थ और भावनात्मक रूप से सक्षम हो। वक्ता संस्कृति अग्रवाल ने बच्चो को बताया कि जॉब प्लेसमेंट के लिए कंपनियों को रिज्यूम में परिवर्तन करके कैसे बेहतर बनाया जा सकता है इस बारे में जानकारी दी । अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल ने बताया कि शाखा कार्यालय पर इंटेग्रटिंग वैलनेस इन टू वर्क आयोजित कार्यक्रम में लगभग 65 नए सीए सदस्यों का सम्मान किया गया। नवागत सीए छात्र-छात्राओं को भविष्य की योजनाओं पर सुझाव दिए। कार्यक्रम का समापन नए सदस्यों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ। इस अवसर पर एकता गोयल, जतिन खिमयानी, नंदिनी जैन, शिवि जैन, अंकुर अग्रवाल, साहिल शर्मा, अंशिका गर्ग, वंशिका शर्मा, कौशिकी गर्ग, राघव वार्ष्णेय, तनीषा अग्रवाल, तनिष्का अग्रवाल, अमीषा जैन, पारस अग्रवाल, प्राची, रौनक, शिवम, रमशा, तन्मय, प्रांशी, मोहित, सक्षम, पूजा, हर्षित, गौरव, रामयता, सुधांशु, कार्तिक, रुचिता, सिमरन आदि मौजूद रहे।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव आज से शुरू



एनएनआई

**आगरा।** भगवान नेमीनाथ स्वामी और आचार्य विमल सागर महाराज के अतिशय क्षेत्र कोसमा (जलेसर) की पावन भूमि पर आचार्य चैत्य सागर महाराज के आशीर्वाद से 46 हजार वर्ग फुट के विशाल रमणीय परिसर में अरिष्टनिवारक श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन नवग्रह मंदिर के रूप में अलौकिक वात्सल्य नवोदय तीर्थ तैयार हो गया है। यहाँ पूज्य आचार्य चैत्य सागर जी महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में 21 नवंबर से पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव का दिव्य आयोजन किया जाएगा। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के संयोजक पूर्व पार्षद उमेश जैन 'नॉटी' ने बताया कि महोत्सव में कोलकाता के डॉ. आनंद प्रकाश शास्त्री प्रतिष्ठाचार्य की भूमिका का निर्वाह करेंगे। 21 से 27 नवंबर तक हर दिन सुबह 8:00 बजे से रात 7:00 बजे तक विभिन्न अनुष्ठान होंगे। 21 नवंबर को घट यात्रा एवं अन्य कार्यक्रम, 22 नवंबर को ध्वजारोहण पूर्वार्द्ध महायज्ञ, 23 नवंबर को गर्भकल्याणक उत्तरार्द्ध, 24 नवंबर को जन्म कल्याणक, 25 नवंबर को तप कल्याणक, 26 नवंबर को केवलज्ञान कल्याणक और 27 नवंबर को निर्वाण कल्याणक (रथ यात्रा) का दिव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि जंगल में मंगल हो रहा है। कोसमा की पुण्य प्रदाता अतिशय भूमि पर धार्मिक अनुष्ठान के रूप में तीर्थ महाकुंभ का अतिशय देखने के लिए वात्सल्य नवोदय तीर्थ पधार कर धर्म लाभ अर्जित करें।

# विद्वानों ने सम्मेलन में समस्याओं के समाधान के दिए टिप्स

- वैश्विक भू-राजनैतिक और अर्थ व्यवस्था पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

एनएनआई




**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, हावर्ड विश्वविद्यालय वाशिंगटन डीसी व इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ बिजनेस अमेरिका द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। हाइब्रिड मोड में आयोजित कॉन्फ्रेंस में विश्व के समक्ष उपस्थित चुनौतियो पर विश्व के अनेकों देशों के विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये। ऑनलाइन तथा ऑफलाइन मॉड में आयोजित इस अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अमेरिका नाइजीरिया तथा भारत के विविध विश्वविद्यालय से विदवानों ने अपने अपने शोध पत्र का वचन के किया। यह अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सन् 2016 से भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय तथा हावर्ड विश्वविद्यालय के बीच हुई समझोतों के तहत सन् 2000 से लगातार आयोजित की जा रही है। यहाँ तक की कोविड कॉल में भी ऑनलाइन मॉड पर इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। उद्घाटन सत्र में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर नरेंद्र सगी ने बताया था कि डोनॉन विश्वविद्यालय भारत के बारे में बोलते हुए बताया गया था प्रोफेसर ने बताया कि दोनों देश के बीच यह समझौता अंतरराष्ट्रीय स्टार प्रति विदवानों को समस्याओं को सुझाव देने के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है । डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी ने कहा की हमारा विश्वविद्यालय न केवल स्थान और देश वरन विश्व सितारा प्रति स्थापित तमाम समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके लिए विश्व विद्यालय ने विभिन्न देशों से काई समझोते किए हैं, जिसके लिए अंतरगत तमाम शैक्षणिक शोध तथा संगोष्ठी आयदी अयोजित की जाती है । डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विश्व विद्यालय और हावर्ड वी विश्व विद्यालय द्वार अयोजित ,19 से लेकर 22 नवंबर तक 'जिओ पॉलिटिक्स, ट्रैवल एंड इकोनामिक ग्रोथ' विषय पर,17 वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जिसका आयोजन इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ बिजनस , यू एस ए के द्वारा तथा सेंटर फॉर ग्लोबल बिजनेस स्टडीज ,वॉशिंगटन डीसी ,यूएसए एवं इंस्टिट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट आगरा के सहयोग से किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो एसपी बंसल ,प्रो आलोक राय डॉ एंथनी डी विलबन, आदि ने भी अपने विचारों को प्रस्तुत किया । सम्मेलन को सफल बनाने में अमित कुमार साहू , डॉ यजमंद्रा अपर्णा, डॉ अंजली कुमारी, साक्षी तिवारी, कुलदीप यादव, नितिन,अल्बिना, रजनी राणा, कुलदीप दीक्षित, मानव,दीपक सोलंकी ,सोनम रघुवंशी,हेमंत ,सनी , यश, राज राघव ने अपना योगदान दिया ।

# 'जब शहर हमारा सोता है' का मंचन आज सूरसदन में

एनएनआई



**आगरा।** भरत काव्यम सांस्कृतिक संस्थान द्वारा प्रस्तुत नाटक का मंचन आज शाम 6:30 बजे, सूरसदन में किया जाएगा। यह नाटक युवाओं और समाज के बीच मौजूद संघर्ष, प्यार, गलतफहमियों और उम्मीदों की गहरी कहानी को मंच पर जीवंत करता है। इस नाटक के निर्देशक मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल से पास आउट हर्ष महेरे ने बताया कि लगभग तीन महीनों की मेहनत,अभ्यास और रिसर्च के बाद यह प्रस्तुति तैयार हुई है। नाटक में दो समुदायों के बीच पनपे तनाव और उनकी अगली पीढ़ियों पर पड़े प्रभाव को बड़े ही संवेदनशील और प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया है। नाटक के लेखक पियूष मिश्रा हैं, जिन्होंने समाज की जटिलताओं को बेहद सरल परंतु तीखे अंदाज में प्रस्तुत किया है। कलाकारों में शहर के युवा रंगकर्मी शामिल हैं, जो अपने अभिनय और ऊर्जा से इस कहानी को जीवंत रूप देंगे।




NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# आईएसबीटी से सिकंदरा के बीच तेजी से चल रहा मेट्रो निर्माण

## गुरु का ताल के पास सफलतापूर्वक रखा गया 88वाँ पियर कैप

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा प्रथम कॉरडोर में जल्द से जल्द यात्री सेवाओं के विस्तार के संकल्प के साथ तेज गति से निर्माण कार्य किया जा रहा है। यूपी मेट्रो ने प्रथम कॉरिडोर के शेष ऐलिवेटेड भाग में 88 पियर कैप एवं 130 यू-गर्डर सफलतापूर्वक रख दिए हैं।

प्रथम कॉरिडोर के शेष ऐलिवेटेड भाग (खंदारी स्थित आरबीएस रैंप से सिकंदरा) में कुल 722 पाइल, 152 पाइलकैप एवं 152 पियर का निर्माण किया जाना है। जिसमें से अब तक 681 पाइल, 130 पाइलकैप एवं 117पिलर का निर्माण किया जा चुका है। इसके साथ ही अब तक 88 पियरकैप एवं 130 यू गर्डर का परिनिर्माण भी किया जा चुका है। इस भाग में कुल 131 पियरकैप एवं 272 यू गर्डर का परिनिर्माण किया जाना है। इस भाग के लिए अरतौनी स्थित कास्टिंग यार्ड में पियरकैप, यू गर्डर आदि की कास्टिंग की जा रही है।

**इंपैक्ट प्रोटेक्शन व्हीकल का हो रहा प्रयोग**



आगरा मेट्रो द्वारा परिनिंमाण गतिविधियों के दौरान सुरक्षा का विशेष खयाल रखा जा रहा है। रात्रि में राष्ट्रीय राजमार्ग पर परिनिंमाण के इंपैक्ट प्रोटेक्शन व्हीकल का प्रयोग किया जा रहा है। इस खास वाहन में फ्लैशर लाइट एवं लेन डायवर्सन हेतु लाइट लगी होती हैं। इस ईपीवी (इंपैक्ट प्रोटेक्शन व्हीकल) की मदद से निर्माण स्थल के पास से गुजर रहे वाहन दूर से सचेत हो जाते हैं और सावधानीपूर्वक वहां से गुजरते हैं।

बता दें कि यूपी मेट्रो द्वारा प्रथम कॉरिडोर में ताज ईस्ट गेट से मनःकामेश्वर मेट्रो स्टेशन तक आगरा मेट्रो का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसके साथ ही इस कॉरिडोर के शेष भूमिगत में टनल निर्माण का कार्य पूर्ण होने के बाद ट्रैक आदि सिस्टम्स का काम किया जा रहा है। इस भाग के सभी 4 भूमिगत स्टेशनों का सिविल निर्माण पहले ही पूर्ण हो चुका है, फिलहाल, इस भाग में तेज गति के साथ स्टेशनों की फिनिशिंग का काम तेज गति के साथ किया जा रहा है।




# फ्रेशर पार्टी में झूमे स्टूडेंटस

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर परिसर स्थित कृषि विभाग में कुलपति प्रो आशु रानी के संरक्षण में फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में द्वितीय वर्ष के छात्रों ने प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत उत्साहपूर्वक किया।

कार्यक्रम में छलेसर विभाग के कई शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें शारीरिक शिक्षा खेलकूद विभाग निदेशक डॉ अखिलेश सक्सेना, फामेर्सी विभागाध्यक्ष डॉ रवि शेखर शर्मा, डॉ नरेंद्र प्रताप, डॉ अभिलाश सिंह, डॉ कार्तिक तोमर, डॉ सौरभ कुमार और डॉ मनीष शर्मा शामिल रहे। सभी शिक्षकों ने छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम में प्रतिभा प्रदर्शन का दौर भी हुआ, जिसमें द्वितीय वर्ष के छात्रों यशपाल तोमर, संदीप कुमार, अरविंद कुमार, राहुल गोला, विशाल सिंह, लवयंक दागर, रौशनी वर्मा, गायत्री धाकड़, प्रिंसी राजपूत, माधव और रोहित ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन सम्पूर्ण द्वितीय वर्ष के छात्रों ने किया।

वहीं प्रथम वर्ष के छात्रों ने भी पीछे न रहते हुए अपनी कला से सभी का मन जीता। प्रतिभा प्रदर्शन में हुमा सिंह, मेघा, मुकुल, साक्षी भट्ट, सोहेल, सुहानी और काजल ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों से खूब सराहना बटोरी।

# रंगारंग कार्यक्रम में दिखी भारतीय संस्कृति



एनएनआई

**आगरा।** स्पर्श चैरिटी क्लब का रंगारंग कार्यक्रम होटल पीएल पैलेस में आयोजित किया गया। क्लब की संस्थापिका मधु बघेल, डॉ. सलोनी सिंह बघेल और प्रीती योगेंद्र उपाध्याय के साथ क्लब के अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। सभी सदस्यों ने भारत के विभिन्न राज्यों की वेशभूषा धारण की और अपने-अपने प्रांत की कुछ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। संचालन डॉक्टर सलोनी सिंह बघेल एवं सोनिया चान्ना द्वारा किया गया। अध्यक्ष मधु बघेल ने प्रतियोगिता में शामिल सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही यह भी बताया कि स्पर्श चैरिटी क्लब के द्वारा अभी कुष्ठ आश्रम में चैरिटी की गयी' एक बेटी की शादी के लिए 25000 रुपए दिए। समय समय पर स्पर्श चैरिटी क्लब चैरिटी करता रहता है।

# आईएमए ने गुड टच-बैड टच पर किया जागरूक

एनएनआई

**आगरा।** आईएमए द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यामिक विद्यालय में स्कूल हेल्थ प्रोग्राम आयोजित किया गया। ये प्रोग्राम आईएमए अध्यक्ष डॉ. पंकज नागायच, सचिव डॉ. रजनीश मिश्रा की देखरेख में हुआ।

सचिव डा रजनीश ने बताया कि स्कूल हेल्थ प्रोग्राम आईएमएआगरा का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिसको प्रत्येक माह किया जाना सुनिश्चित हुआ है। स्कूल हेल्थ प्रोग्राम चेयरमैन डॉ. अरुण जैन ने व्याख्यान दिया। स्कूल के प्रिंसिपल राज कुमार यादव के सहयोग के साथ करीब 200 बच्चों ने भाग लिया। डॉ. अरुण जैन ने संतुलित आहार पर व्याख्यान दिया।




उन्होंने बताया कि पौष्टिक थाली मे 50 प्रतिशत सब्जी सलाद होना चाहिए। हमारी थाली पाँच रंग की होनी चाहिए। बच्चों को जंक फूड जैसी कोल्ड ड्रिंक, आईस्क्रीम, चॉकलेट फूड बंद फूड का सेवन नहीं करना चाहिए। बच्चों के शारीरिक व्यायाम के महत्व को समझाया गया। बच्चों को रोज एक घंटा व्यायाम करना चाहिए।

बच्चों को मोबाइल का इस्तेमाल एक या दो घंटे से ज्यादा नहीं करना चाहिए। सोते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# पीएमवीबीआरवाई और ईईसी-2025 योजनाओं पर किया शंकाओं का समाधान

**आगरा** एनएनआई। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), क्षेत्रीय कार्यालय आगरा एवं काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स (सीएलई) के संयुक्त तत्वावधान में डावर फुटवियर इंडस्ट्रीज, आगरा में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना और कर्मचारी नामांकन योजना 2025 पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों को इन नई योजनाओं के प्रावधानों, पात्रता शर्तों तथा लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त इंद्रनील घोष, सहायक भविष्य निधि आयुक्त मिथिलेश कुमार चौधरी, नोडल अधिकारी मोनिका कुलश्रेष्ठ, प्रवर्तन अधिकारी श्रवण कुमार मिश्र, रानु एवं राहुल कुमार वर्मा शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एफमेक के उपाध्यक्ष राजीव वासन ने की। इस मौके पर एफमेक महासचिव प्रदीप वासन, सीएलई के उप निदेशक आर. के.




शुक्ला, डावर फुटवियर के प्रबंधक राजीव मिश्र, तथा लेदर एवं फुटवियर सेक्टर से जुड़े कई नियोक्ता और प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय आयुक्त इंद्रनील घोष ने स्वागत भाषण में बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना 1 अगस्त 2025 से लागू हो चुकी है। इस योजना के तहत सरकार, 1 लाख प्रतिमाह तक वेतन वाले नए कर्मचारियों के लिए नियोक्ता द्वारा किए जाने वाले भविष्य निधि योगदान के एक हिस्से का वहन करेगी। इसका उद्देश्य नियोक्ताओं को नई भर्तियाँ करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि यह पहल देश में 3.5 करोड़ से अधिक औपचारिक रोजगार सृजित करने के लक्ष्य का हिस्सा है। उन्होंने सभी उद्योग प्रतिनिधियों से योजना में अधिकाधिक पंजीकरण कराने की अपील भी की। कर्मचारी नामांकन योजना 2025 को 1 नवंबर 2025 से लागू किया गया है। इस योजना के अंतर्गत नियोक्ताओं को 1 जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच छूटे हुए पात्र कर्मचारियों का स्वैच्छिक नामांकन करने का अवसर मिलता है। इस प्रावधान के तहत नियोक्ता बिना किसी दंड या विलंब शुल्क के अपने पुराने अनुपालन को नियमित कर सकते हैं।

# एक दूसरे का हाथ थाम यमुना में कूदे युवक-युवती

## युवक का शव बरामद, युवती की हो रही तलाश

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर के घाट पर बने पांटून पुल से ब्रहस्पतिवार शाम 3.30 बजे युवक और युवती ने एक दूसरे का हाथ थाम कर यमुना नदी में छलांग लगा दी। दोनों बाइक से पुल पर पहुंचे थे। बाइक पुल पर खड़ी कर आत्मघाती कदम उठा लिया। गोताखोरों ने युवक के शव को बरामद कर लिया है। लेकिन युवती के बारे में स्पष्ट नहीं हो सका है। नारखी, फिरोजाबाद के दौलतपुर मुइउद्दीनपुर गांव के किशनलाल का बेटा गुलशन यादव उर्फ गोलू (23) बचपन से ही अपनी ननिहाल गुढ़ा गढसान फिरोजाबाद के लालऊ गांव में रह रहा था। ब्रहस्पतिवार की शाम 3.30 बजे वह बाइक से बटेश्वर पहुंचा। पांटून पुल पर बाइक खड़ी की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक ने हरे रंग के कपड़े (सूट या साड़ी) पहने युवती का हाथ थामा और यमुना नदी में छलांग लगा दी। नदी में युवक युवती के छलांग लगाते हुए घाट से देखने वाले गोताखोर अनिल तत्परता से वहां पहुंचा और युवक के शव को बाहर निकाल लिया। पेंट की जेब में रखे आधार कार्ड से मृतक की पहचान गुलशन यादव उर्फ गोलू के रूप में हुई। जेब में निकले मोबाइल के सिम कार्ड से पुलिस ने कॉल की तो उसके मामा श्याम यादव से बात हुई। श्याम यादव, मृतक के पिता किशनलाल आदि परिजन मौके पर पहुंच गये। एक कॉल से युवती के शिकोहाबाद के एक गांव के होने की जानकारी मिली है। लेकिन परिजन युवती को लेकर कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं थे। रो रो कर बेहाल थे। फिलहाल युवती के शव की पुलिस तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक बाह सत्यदेव शर्मा ने बताया कि मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवती की तलाश कराई जा रही है।



### फोन कॉल पर मामा से बोला पुल से बाइक उठा ले जाना



बटेश्वर के पांटून पुल से यमुना नदी में छलांग लगाने से पहले गुलशन यादव उर्फ गोलू ने अपने मामा श्याम यादव को फोन कॉल की थी। जिसमें कहा था कि मामा जा रहा हूं, बाइक बटेश्वर के पुल पर खड़ी है, ले जाना। श्याम यादव ने बताया कि उसे रुकने के लिए बोला तो फोन काट दिया। दोबारा से कॉल किया तो मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा था। उन्होंने बताया कि बचपन से ही गोलू उनके पास रहा था। आईटीआई करने के बाद सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने लगा था। 15 दिन पहले ही नई बाइक दिलाई थी। उन्होंने बताया कि करीब 10 साल पहले उसकी मां विनीता देवी की असाध्य बीमारी के चलते मौत हुई थी। उन्होंने बताया कि गोलू ने आत्मघाती कदम क्यों उठा लिया? उनको भनक तक नहीं लगी।

# बिजली संकट पर किसान 25 नवंबर को करेंगे प्रदर्शन

एनएनआई

**किरावली।** किरावली में बिजली की खराब आपूर्ति और विद्युत उपखंडों में बिजली की चरमरायी व्यवस्था के विरोध में किसान 25 नवंबर को अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड चतुर्थ, किरावली के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। किसानों का आरोप है कि किरावली कस्बा के कई वार्डों व अलग अलग जगह- पर बिजली के पोल की कमी है तो कहीं बिजली के तार जर्जर हैं एवं बिजली की कटौती की जा रही है। जिससे आम लोगों व किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेता चौधरी दिलीप सिंह ने कहा कि रबी की फसल बुवाई के लिए सिंचाई का समय चल रहा है, लेकिन रोस्टर के अनुसार पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे आगामी 25 तारीख को प्रदर्शन करेंगे।

# किरावली ओवर ब्रिज पर डग्गामार वाहनों का कब्जा, हादसे का खतरा बढ़ा

एनएनआई

**किरावली।** किरावली-कागारौल मार्ग पर रेलवे लाइन के ऊपर बने ओवर ब्रिज की स्थिति इन दिनों अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। ब्रिज की चढ़ाई और मोड़ वाले हिस्से पर डग्गामार वाहनों ने कब्जा जमा रखा है। आधे से अधिक मार्ग इन वाहनों के खड़े रहने से बाधित हो गया है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कागारौल दिशा से आने वाले वाहनों को ब्रिज पर चढ़ाई के दौरान पहले ही अतिरिक्त दबाव का सामना करना पड़ता है। यदि किसी वाहन की ब्रेक फेल हो जाए तो अचानक खड़े डग्गामार वाहनों से टक्कर की संभावना बनी रहती है, जो किसी भी पल गंभीर दुर्घटना का रूप ले सकती है। ग्रामीण बताते हैं कि ओवर ब्रिज पर कई दिनों से अनाधिकृत वाहन खड़े हैं, जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। तेज रफ्तार में आने वाले वाहन खड़े वाहनों को देखकर अक्सर अनियंत्रित हो जाते हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग और पुलिस प्रशासन इस स्थिति से पूरी तरह बेखबर नजर आते हैं। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो वाहनों को हटाया जा रहा है और न ही यहां नियमित पुलिस गश्त की व्यवस्था की गई है। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है और उसकी जिम्मेदारी सीधे प्रशासन की होगी।

# जंगली जानवर के हमले की जांच को पहुंची वन विभाग की टीम



एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर के बिजकौली गांव में मंगलवार आधी रात के बाद जंगली जानवर के हमले में अपने घर के बरामदे में सो रही तीन महिलाएं जख्मी हो गई थी। गांव में हमले की दहशत फैली हुई थी। ब्रहस्पतिवार को बाह के रेंजर अमित कुमार गांव में जांच को पहुंचे। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण किया। घायल महिलाओं विमला देवी, शीला देवी, संगीता देवी एवं उनके परिजनों से जंगली जानवर के बारे में पूछताछ की। रेंजर ने बताया कि एक जगह पर पद चिन्ह मिले हैं, जो कुत्ते या सियार के हो सकते हैं। बिना दरबाजे के बरामदे में महिलाएं सो रहीं थी। लोगों को बच्चों समेत दरबाजा बंद कर घर में सोने के लिए जागरुक किया। हमले की



शिकार हुई तीनों महिलाओं के चेहरे पर जख्म हुए हैं। जंगली जानवर दिखने पर वन विभाग को सूचना दिए जाने का आहवान किया। रेंजर ने बताया कि क्षेत्र में वन विभाग ने एतिहातन गश्त बढ़ा दी है। बतादें कि मंगलवार आधी रात के बाद अपने अपने बरामदे में सो रही महिलाओं विमला देवी, संगीता देवी, शीला देवी पर जंगली जानवर ने हमला किया था। सुनील की बछिया भी घायल हुई थी। जिसकी बुधवार को मौत हो गई।

# सड़क हादसे में मदर डेयरी के मैनेजर की मौत

एनएनआई

**अछनेरा।** गुरुवार दोपहर दक्षिणी बाइपास पर तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। बाइपास मार्ग पर स्थित गांव मगुर्रा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में डेयरी मैनेजर की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकेश पुत्र बालकिशन निवासी बुलंदशहर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मुकेश ग्वालियर से दिल्ली की ओर जा रहा था। तभी दक्षिणी बाइपास पर गांव मगुर्रा के निकट एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल कुकथला पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मुकेश को इलाज के लिए आगरा के एस.एन. मेडिकल कॉलेज रेफर कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक और चालक की तलाश शुरू कर दी है तथा हादसे के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का किया विश्लेषण

एनएनआई

**आगरा।** कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड आगरा द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत 72वें राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत साधन सहकारी समिति लिमिटेड पर एक उर्वरक प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन अपर आयुक्त एवं अपर निबंधन सहकारिता आगरा मंडल आगरा के मुख्य अतिथि आदित्य कुमार दुबे, एवं वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक कृभको डॉ मनीष चौहान की अध्यक्षता में किया गया।

संचालन प्रवेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री



विवेक दीक्षित द्वारा राजोसुपर के बारे में सभी किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा किसानों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोष जनक रूप से उत्तर भी दिया गया। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता धनवीर सिंह के द्वारा भी किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का विश्लेषण किया गया।

मुख्य अतिथि अरविंद कुमार दुबे ने कहा कि जो किसान समितियां से ऋण प्राप्त करते हैं उनको भी सही समय पर ब्याज के रूप में लाभ लेने के लिए धनराशि वापस करने की सलाह दी। कार्यक्रम मे कृभको द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही लाभकारी योजना का विस्तार पूर्वक विश्लेषण किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रवेश कुमार सिंह क्षेत्र प्रतिनिधि कृभको के द्वारा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सचिव शाखा प्रबंधक अपर जिला सहकारी अधिकारी हरिओम कुशवाहा एवं समिति के अध्यक्ष राम प्रकाश सहित 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया गया।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


## संपादकीय

# महाराष्ट्र के निकाय चुनावों में कमाल के गठबंधन




महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव बहुत दिलचस्प होता है। इस बार का चुनाव भी अपवाद नहीं है। महाराष्ट्र जैसा गठबंधन देश के किसी और राज्य में देखने को नहीं मिलता है। महाराष्ट्र में कोई भी पार्टी किसी के भी साथ तालमेल कर सकती है। कांग्रेस और भाजपा की सहयोगी पार्टियां भी इनके साथ रहते हुए आपस में तालमेल कर सकती हैं। वहां की एक दिलचस्प बात यह भी है कि लोकसभा और विधानसभा से ज्यादा गंभीरता से वहां की पार्टी स्थानीय निकाय के चुनाव लड़ती हैं और उसमें कोई किसी के साथ भी जा सकता है।अभी महाराष्ट्र में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से स्थानीय निकायों के चुनाव हो रहे हैं। नगर परिषद और नगर पंचायतों के चुनाव दो दिसंबर को होने हैं और उसके बाद महानगरपालिकाओं के चुनाव होंगे। इनमें मुंबई का बीएमसी भी है और पुणे, ठाणे, नागपुर आदि के भी स्थानीय निकाय चुनाव हैं। वह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ही होंगे और जनवरी में कराए जाएंगे। उसमें भी क्या गठबंधन होगा यह कोई नहीं जानता है। महाराष्ट्र की स्थानीय पार्टियां मराठा ध्रुवीकरण की कोशिश में लगी हैं। एक जगह शरद पवार और अजित पवार दोनों की पार्टियों ने तालमेल कर लिया है। कुछ जगहों पर पवार चाचा, भतीजे दोनों की एनसीपी के साथ एकनाथ शिंदे की शिव सेना का तालमेल होने की खबर है।

शरद पवार और अजित पवार की एनसीपी के साथ एकनाथ शिंदे की शिव सेना का तालमेल हो सकता है। अगर ये तीन पार्टियां ज्यादातर निकाय चुनावों में एक साथ लड़ती हैं तो वहां मराठा ध्रुवीकरण होगा। तीनों के नेता मराठा हैं और अलग अलग क्षेत्रों में मजबूत असर रखते हैं। इनके असर वाले इलाकों में कांग्रेस और भाजपा दोनों को परेशानी होगी। मराठा ध्रुवीकरण का प्रयास उद्धव ठाकरे भी करेंगे इसीलिए वे कांग्रेस और शरद पवार की बजाय अपने चचेरे भाई राज ठाकरे के साथ तालमेल पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। उनका प्रयास मराठा मानुष और हिंदुत्व के वोट को साथ लाना है। वे पुरानी शिव सेना को रिवाइव करने में लगे हैं। कुछ जगहों पर महायुति यानी भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिव सेना और अजित पवार की एनसीपी एक साथ लड़ेंगे। शरद पवार और उद्धव ठाकरे की इस स्वतंत्र राजनीति से कांग्रेस के नेता परेशान हैं। कांग्रेस के प्रदेश नेताओं को लग रहा है कि उद्धव ने राज से और शरद पवार ने अजित पवार से तालमेल करके कांग्रेस को अकेला छोड़ा है। लेकिन कांग्रेस के पास कोई रास्ता नहीं है। उधर भाजपा को भी परेशानी है लेकिन वह सरकार, संघ के स्वंयसेवक और हिंदुत्व के वोट के आधार पर अपना आधार बनाए रखने के भरोसे में है। इस बारे में जब पूछा गया तो मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव ऐसे ही होते हैं क्योंकि भाजपा भी अपनी स्थानीय इकाइयों को यह अधिकार दे देती है कि वे अपने हिसाब से गठबंधन बनाएं और उम्मीदवार तय करें। उन्होंने कहा कि इसलिए कहीं दो पार्टियां तो कहीं तीन पार्टियां तालमेल करके लड़ रही हैं। अब सवाल है कि बीएमसी के साथ साथ पुणे, ठाणे, नागपुर आदि महानगरों के चुनाव होंगे तब क्या होगा? सबको पता है कि बीएमसी के मदर ऑफ ऑल लोकल बॉडीज माना जाता है। उसका बजट कई राज्यों के बजट से बड़ा है और अगर सुप्रीम कोर्ट का दबाव नहीं होता तो प्रदेश की भाजपा सरकार कभी चुनाव नहीं कराती। अभी बीएमसी का प्रशासन राज्य सरकार के हाथ में ही है क्योंकि कई बरसों से बीएमसी के चुनाव नहीं हुए हैं। कहा जा रहा है कि बीएमसी का चुनाव कांग्रेस और भाजपा दोनों अलग अलग लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि भाजपा की दोनों सहयोगी पार्टियों यानी एकनाथ शिंदे की शिव सेना और अजित पवार की एनसीपी का मुंबई में कोई आधार नहीं है। उनके साथ दूसरी जगहों पर तालमेल हो सकता है लेकिन मुंबई में नहीं होगा। ऐसे ही कांग्रेस की सहयोगी शरद पवार की एनसीपी का मुंबई में आधार नहीं है। हालांकि उद्धव ठाकरे की शिव सेना का बहुत मजबूत आधार है लेकिन उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे से हाथ मिला लिया है इसलिए वहां कांग्रेस अलग होकर लड़ने की तैयारी कर रही है। यह पता नहीं है कि कांग्रेस और भाजपा अलग अलग लड़ेंगे तो उनकी सहयोगी पार्टियां बीएमसी में सभी सीटों पर अलग लड़ेंगी या कम सीटों पर लड़ेंगी या नहीं लड़ेंगी !नगर परिषद और नगर पंचायतों के चुनाव में पार्टियों का विभाजन साफ साफ दिख रहा है लेकिन जब महानगरों के चुनाव होंगे तब मराठा ध्रुवीकरण और पार्टियों का विभाजन ज्यादा साफ साफ दिखेगा।

# राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह



## शिखर पर होगा केसरिया ध्वज का ध्वजारोहण, विशेष प्रतीक होंगे अंकित

अयोध्या में 25 नवंबर को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर भव्य ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस ऐतिहासिक ध्वजारोहण का अर्थ है कि मंदिर का निर्माण कार्य अब पूर्ण हो चुका है और मंदिर अपनी दिव्यता के साथ भक्तों के लिए तैयार है। चंपत राय के अनुसार, मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर की ऊंचाई 160 फीट है, और इसके ऊपर लगाए गए ध्वज-दंड को मिलाकर ध्वज लगभग 191 फीट की ऊंचाई पर लहराएगा। ध्वज-दंड पहले ही स्थापित किया जा चुका है और अब ध्वज को परंपरागत रूप से हाथों से चढ़ाया जाएगा।

### ध्वज का रंग और प्रतीक

अयोध्या में फहराए जाने वाले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के ध्वज का रंग केसरिया होगा। यह रंग केवल आकर्षक नहीं है, बल्कि धर्म, त्याग और साहस का प्रतीक भी माना जाता है। ध्वज पर सूर्य का चिन्ह अंकित रहेगा, जो ऊर्जा, प्रकाश और जीवन का प्रतीक है। इसके केंद्र में ॐ लिखा होगा, जो ब्रह्मांड का प्रथम और परम उच्चारण है। यह चिन्ह आध्यात्मिक शक्ति और दिव्यता को दशार्ता है।

### कोविदार वृक्ष का महत्व

ध्वज पर कोविदार वृक्ष का चित्र भी अंकित किया गया है। वाल्मीकि रामायण में इसका उल्लेख मिलता है और इसे अयोध्या के राजवंश का प्रतीक माना जाता है। यह चिन्ह अयोध्या की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को दशार्ता है





और यह बताता है कि मंदिर सिर्फ धार्मिक केंद्र ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है।

### ध्वज का आध्यात्मिक संदेश

महासचिव चंपत राय के अनुसार यह ध्वज रामराज्य की परिकल्पना का संदेश देता है। केसरिया रंग त्याग, धर्मनिष्ठा और साहस का प्रतीक है। ध्वजारोहण केवल धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि यह जीवन में धर्म, नीति और न्याय की स्थिरता का संदेश भी देता है।

### राष्ट्रीय-सांस्कृतिक महत्व

ध्वजारोहण का कार्यक्रम केवल मंदिर के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे राष्ट्र की सार्वभौम सत्ता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक माना गया है। मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर यह ध्वज लगभग 191 फीट की ऊँचाई पर फहराया जाएगा, जो इस ऐतिहासिक क्षण की भव्यता को और बढ़ाता है। यह कार्यक्रम अयोध्या और पूरे देश के लिए धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**ध्वजारोहण समारोह में आमंत्रित अतिथि और पीएम का आगमन**

अयोध्या में आयोजित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में कुल 6000 लोगों को आमंत्रित किया गया है। इनमें 3000 स्थानीय अयोध्या के लोग हैं, जबकि बाकी 3000 बुंदेलखंड, इटावा, फरुर्खाबाद, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती के प्रतिनिधि होंगे। अतिथियों की सूची स्थानीय कार्यकताओं द्वारा तैयार की गई है, और बाहरी लोगों को सीमित संख्या में ही बुलाया गया है। महासचिव चंपत राय के अनुसार इस ऐतिहासिक ध्वजारोहण का वास्तविक आनंद केवल उसी क्षण में उपस्थित होकर ही महसूस किया जा सकता है। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह में शामिल होंगे और अयोध्या में लगभग चार घंटे तक रहेंगे, जिससे यह कार्यक्रम धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से और भी महत्वपूर्ण बन जाएगा।



# प्रियंका चोपड़ा

## जीजा केविन जोनास के नए गाने की दीवानी, कहा- लूप में सुन रही हूँ

ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा हमेशा अपने परिवार और प्रियजनों का साथ देने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उनके जीजा केविन जोनास ने अपना पहला सोलो सिंगल चेंजिंग रिलीज किया, जिसे प्रियंका लगातार सुन रही हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी में गाने की क्लिप साझा करते हुए लिखा, लूप पर चल रहा हूँ! हाई टाइम मेरे भाई तुम पर बहुत गर्व है। पॉल केविन जोनास II का चेंजिंग जरूर सुनें। केविन ने भी अपने गाने के बारे में खुशी जताते हुए कहा था कि चेंजिंग उनके दिल के बेहद करीब है और इसे बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति वह आभारी हैं। यह गाना जीवन में बेहतर बनने की कोशिश और बदलाव को अपनाने की भावना को दर्शाता है। इसी बीच, प्रियंका अपने आगामी बड़े प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म में अभिनेता महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ नजर आएंगी। उन्होंने इसे अपने करियर का विशेष अवसर बताया है। फिल्म वाराणसी की टीम के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमोशन करते हुए प्रियंका ने कहा कि दर्शकों की उत्सुकता देखकर वह उत्साहित हैं और उम्मीद करती हैं कि फिल्म उनकी अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी।

## तीन साल में विज्ञापन, 17 में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड और 19 में बॉलीवुड डेब्यू

# आरती छाबड़िया की कहानी



फिल्म अभिनेत्री आरती छाबड़िया का सफर उन कलाकारों में शामिल है जिन्होंने बेहद कम उम्र में ही अपनी पहचान बना ली। जन्म 21 नवंबर 1982 को मुंबई में हुआ और मात्र तीन वर्ष की उम्र में विज्ञापन से शुरूआत कर दी। उनका पहला विज्ञापन शिशु फॉमूर्ला पाउडर के लिए था। धीरे-धीरे वे मैगी और अमूल जैसे बड़े ब्रांड्स का चेहरा बन गईं। 1999 में उन्होंने मिस इंडिया वर्ल्डवाइड का खिताब जीता और साथ ही मिस फोटोजेनिक और मिस ब्यूटीफुल फेस जैसे अवॉर्ड भी अपने नाम किए। इसके बाद उनके लिए म्यूजिक वीडियो और फिल्मों के रास्ते खुल गए। आरती ने सुखविंदर सिंह, अदनान सामी और हैरी आनंद जैसे नामी कलाकारों के लोकप्रिय म्यूजिक वीडियोज में काम किया। फिल्मों में उनका डेब्यू 2001 में लज्जा से हुआ, जबकि तुमसे अच्छा कौन है में उनकी मुख्य भूमिका दर्शकों को खूब पसंद आई। उन्होंने आवारा पागल दीवाना, शादी नंबर 1, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों, हे बेबी, डैडी कूल समेत कई फिल्मों में काम किया। साउथ इंडस्ट्री में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई।

## अनीत पड्डा सिर्फ मेरी दोस्त, ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री का मतलब रोमांस नहीं-अहान पांडे



अपनी पहली ही फिल्म सैयारा से लोकप्रिय हुई जोड़ी अहान पांडे और अनीत पड्डा को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार रोमांस की अटकलें लगाई जा रही थीं। लेकिन अब अहान ने स्पष्ट कर दिया है कि दोनों के बीच दोस्ती है, रिश्ता नहीं। एक इंटरव्यू में अहान ने कहा, अनीत मेरी सबसे अच्छी दोस्त है। हमारा बॉन्ड गहरा है, लेकिन यह रोमांटिक नहीं है। केमिस्ट्री सिर्फ प्रेम नहीं होती, यह भरोसे, आराम और समझ से भी बनती है। उन्होंने बताया कि दोनों ने अपने करियर का सपना साथ देखा था, और सैयारा में साथ डेब्यू होना उनके लिए खास रहा। अहान ने यह भी कहा कि वे फिलहाल सिंगल हैं और अपनी लव लैंग्वेज सेवा और बड़े इशारे बताते हैं। अहान जल्द ही अली अब्बास जफर की एक्शन फिल्म में नजर आएंगे, जबकि अनीत पड्डा शक्ति शालिनी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जो हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म है। फैंस उनकी जोड़ी को पसंद करते हैं, लेकिन दोनों कलाकार फिलहाल अपनी-अपनी राहों पर आगे बढ़ रहे हैं।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# इंग्लैंड की पहली पारी 172 रन पर सिमटी

## मिचेल स्टार्क का कहर, सात विकेट झटके

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच आज से एशेज सीरीज के पहले टेस्ट की शुरूआत हो चुकी है। पहला मुकाबला पर्थ में जारी है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।ऑस्ट्रेलिया ने अपनी प्लेइंग-11 में नाथन लियोन के रूप में एक स्पिनर रखा है। वहीं, इंग्लैंड ने कोई स्पिनर नहीं रखा है और टीम चार तेज गेंदबाज के साथ उतरी है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 33 ओवर के अंदर 172 रन पर सिमट गई। मिचेल स्टार्क ने कहर बरपाते हुए सात विकेट झटके, जबकि डेब्यूटेंट डॉगेट को दो विकेट मिले।

### रूट खाता भी नहीं खोल सके

इंग्लैंड का पहले बल्लेबाजी करने का फैसला हालांकि, गलत साबित हुआ है और टीम ने 40 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए हैं। इंग्लैंड को पहले ही ओवर में झटका लगा जब स्टार्क ने पहले ही ओवर में जैक क्राउली को आउट किया। क्राउली खाता नहीं खोल सके। इसके बाद स्टार्क ने बेन डकेट और जो रूट को भी पवेलियन भेजा। डकेट 20 गेंद में 21 रन बनाकर एल्बीडब्ल्यू आउट हुए। वहीं, जो रूट खाता खोले बिना स्टार्क की गेंद पर स्लिप में लाबुशेन को कैच थमा बैठे।



### ऑस्ट्रेलिया के लिए दो खिलाड़ियों का डेब्यू

ऑस्ट्रेलिया की टीम में दो खिलाड़ी डेब्यू कर रहे हैं। तेज गेंदबाज बेन डॉगेट और बल्लेबाज जेक वेदराल्ड को खेलने का मौका मिला है। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी में ये दोनों खेलने उतरे हैं। वेदराल्ड ख्वाजा के साथ ओपनिंग करेंगे और वह डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद ख्वाजा के छठे ओपनिंग साथी हैं।

### ब्रूक का अर्धशतक, पोप अर्धशतक से चूके

इसके बाद ब्रूक ने ओली पोप के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को कैमरून ग्रीन ने तोड़ा। उन्होंने पोप को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। पोप अर्धशतक से चूक गए और 46 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स को भी स्टार्क ने पवेलियन भेजा। स्टार्क ने स्टोक्स को क्लीन बोल्ड किया। वह छह रन बना सके। इसके बाद डेब्यूटेंट डॉगेट ने हैरी ब्रूक को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। ब्रूक 52 रन बना सके। इसके तुरंत बाद ने स्टार्क ने गस एटकिंसन को आउट किया। वह एक रन बना सके। स्टार्क की यह इस पारी में पांचवीं सफलता रही। डॉगेट ने फिर ब्राइडन कार्स को लाबुशेन के हाथों कैच कराया। वह छह रन बना सके। इसके बाद आखिरी के दो बल्लेबाजों को स्टार्क ने चलता किया। जेमी स्मिथ 22 गेंद में 33 रन और मार्क वुड खाता खोले बिना आउट हुए। इस तरह स्टार्क की दमदार गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड की टीम बेबस नजर आई। स्टार्क-डॉगेट के अलावा एक विकेट कैमरून ग्रीन को मिला। इंग्लैंड की टीम साढ़े चार घंटे भी बैटिंग नहीं कर सकी।

## सगाई की झलक दिखाकर स्मृति मंधाना ने बढ़ाई उत्सुकता, सोशल मीडिया पर जश्न का माहौल



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सोशल मीडिया पर ऐसा वीडियो साझा किया, जिसे देखकर फैंस खुशी से झूम उठे। कुछ ही घंटों में इंटरनेट पर उनकी सगाई की चर्चा तेज हो गई और वीडियो वायरल हो गया। हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि स्मृति 23 नवंबर को म्यूज़िक कंपोजर और फि ल्मकार पलाश मुच्छल से विवाह कर सकती हैं। इन चचाओं के बीच स्मृति ने अपनी टीम की साथियों-जेमिमा रोड्रिग्स, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी और श्रेयंका पाटिल-के साथ एक हल्का-फुल्का वीडियो साझा किया, जिसमें सभी समझो हो ही गया गीत पर थिरकते नजर आए।

वीडियो के अंत में स्मृति ने मुस्कुराते हुए अपना हाथ कैमरे की ओर बढ़ाया, जिससे उनकी सगाई की अंगूठी पहली बार साफ दिखाई दी। इसी के बाद फैंस ने इसे ह्लसगाई की आधिकारिक झलकह्व बताते हुए सोशल मीडिया पर बधाई संदेशों की बाढ़ ला दी। इसके साथ ही पलाश मुच्छल की वह पुरानी तस्वीर भी फिर से वायरल हो गई, जिसमें वे स्मृति के साथ विश्व कप ट्रॉफी लिए खड़े नजर आते हैं। फैंस ने इस पल को उन्हें मिला सबसे खास उपहार बताया।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स में भारत ने जीते 9 गोल्ड, किरेन रिजिजू ने खिलाड़ियों को सराहा

| | |
|---|---|
| भारत ने जदुमणि सिंह | (50 किलोग्राम), |
| पवन बर्तवाल | (55 किलोग्राम), |
| अभिनाश जामवाल | (65 किलोग्राम), |
| और अंकुश फंगल | (80 किलोग्राम) की मदद से छह सिल्वर मेडल जीते। |

**ग्रेटर नोएडा।** भारत ने वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में 9 गोल्ड के साथ कुल 20 मेडल जीतकर ग्लोबल स्टेज पर अपना अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय खिलाड़ियों को सराहा है। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "इंडियन बॉक्सिंग के लिए एक बड़ी कामयाबी!वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में हमारे एथलीट्स ने 9 गोल्ड, 6 सिल्वर, 5 ब्रॉन्ज सहित 20 मेडल जीतकर रिकॉर्ड बनाया है। यह शानदार प्रदर्शन उस हिम्मत, अनुशासन और जीत की भावना को दिखाता है, जो आज हमारे स्पोर्ट्स इकोसिस्टम को दशार्ती है। हर उस बॉक्सर पर गर्व है, जिनके सफर और इरादे ने भारत को दुनिया के मंच पर ख्याति दिलाई है। बहुत बढ़िया!" ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स में भारत की 7 महिला बॉक्सर ने गोल्ड मेडल अपने नाम किए।

**वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में मेडल जीतने वाली भारतीय महिलाएं :**

| | |
|---|---|
| मीनाक्षी हुड्डा | (48 किलोग्राम में गोल्ड मेडल) |
| निकहत जरीन | (51 किलोग्राम में गोल्ड मेडल) |
| प्रीति पवार | (54 किलोग्राम में गोल्ड मेडल) |
| जैस्मिन लैम्बोरिया | (57 किलोग्राम में गोल्ड मेडल) |
| अरुंधति चौधरी | (70 किलोग्राम में गोल्ड मेडल) |
| नूपुर श्योराण | (80+ किलोग्राम में गोल्ड मेडल) |
| परवीन हुड्डा | (60 किलोग्राम में गोल्ड मेडल) |
| पूजा रानी | (80 किलोग्राम में सिल्वर मेडल) |
| नीरज फोगट | (65 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल) |
| स्वीटी बूरा | (75 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल) |

**वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में मेडल जीतने वाले भारतीय पुरुष :**

| | |
|---|---|
| सचिन सिवाच | (60 किलोग्राम में गोल्ड मेडल) |
| हितेश गुलिया | (70 किलोग्राम में गोल्ड मेडल) |
| जदुमणि सिंह | (50 किलोग्राम में सिल्वर मेडल) |
| पवन बर्तवाल | (55 किलोग्राम में सिल्वर मेडल) |
| अभिनाश जामवाल | (65 किलोग्राम में सिल्वर मेडल) |
| अंकुश पंघाल | (80 किलोग्राम में सिल्वर मेडल) |
| नरेंद्र बेरवाल | (90+ किलोग्राम में सिल्वर मेडल) |
| सुमित कुंडू | (75 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल) |
| जुगनू | (85 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल) |
| नवीन | (90 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल) |

## शुक्रवार, 21 नवम्बर राशिफल

मेष राशि के जातकों के दांपत्य जीवन में आज के दिन कुछ उथल-पुथल देखने को मिल सकती है। शाम के बाद घर परिवार में मनमुटाव की स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसे में आपकी मनोदशा तनाव से ग्रस्त रहेगी। अपने प्रेम का खुलासा करना का आज सही दिन नहीं है।

आज के दिन कामकाजी गतिविधियों को जरूरत के मुताबिक संचालित करने में आप सफल रहेंगे। आपके करीबी लोग आपकी मदद करने को तैयार रहेंगे, लेकिन उन पर पूरी तरह निर्भर होना ठीक नहीं रहेगा। किसी पर आंख बंद करके विश्वास करना आगे चलकर परेशानी का कारण बन सकता है।

मिथुन राशि के लोगों को आज के दिन थोड़ा सतर्क रहना होगा। अगर आप अपने करियर में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं तो अभी परिस्थिति ठीक नहीं हैं। किसी भी काम में हाथ डालने से पहले अपने जीवनसाथी से सलाह ले लें।

आज आप व्यापार में कोई नई शुरूआत करने पर विचार कर सकते हैं। इस प्रयास में आपको कुछ पुराने मित्रों से आर्थिक सहयोग भी मिल सकता है। इससे आपका आत्मविश्वास और बढ़ेगा। आज के दिन मदद देना भी आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। इसका लाभ आपको भविष्य में देखने को मिलेगा।

आज के दिन घूमने-फिरने या किसी छोटी यात्रा की योजना बन सकती है। इसके लिए पहले से तैयारी करना जरूरी होगा। बीच में कुछ अधूरे काम भी पूरे करने पड़ेंगे। दोपहर के बाद कामकाज और इधर-उधर की भागदौड़ अचानक बढ़ सकती है।

आज के दिन आप जिस भी काम को करने का संकल्प लेंगे, उसके पूरे होने की संभावनाएं काफी मजबूत रहेगी। एडमिशन कराना हो, यात्रा पर जाना हो या कोई जरूरी सामान खरीदना हो इन सभी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

तुला राशि के जातकों को तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर प्राप्त हो सकता है। आज के दिन मित्रों के लिए कुछ धन की भी व्यवस्था करनी पड़ सकती है। किसी एग्जाम परीक्षा के लिए तैयारी करने वालों को सफलता मिलेगी। घर के वरिष्ठ सदस्य से टकराव की संभावना दिख रही है।

आज आपको अपनी कार्ययोजना में कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं। यह बदलाव आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। आर्थिक तौर पर आज दबाव कम रहेगा। छोटी-मोटी देनदारियां चुकाने के बाद भी आपकी सेविंग्स पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

घर-परिवार में किसी सदस्य की सेहत आपके लिए परेशानी का कारण बन सकती है। खराब स्वास्थ्य के कारण घर परिवार का वातावरण कुछ अवसादपूर्ण रहेगा। तनाव से उबरने का रास्ता यहीं है कि आज आप किसी मनोरंजक यात्रा पर निकल पड़ें।

मकर राशि वालों की शारीरिक थकान धीरे-धीरे दूर होती दिखाई देगी। पिछले कई दिनों से आप जो एक्सरसाइज या योगाभ्यास कर रहे हैं उसका सकारात्मक असर दिखाई देगा। घर के छोटे सदस्यों या संतान की ओर से भी कोई अच्छा समाचार मन को प्रसन्न करेगा।

आज आपके कार्यक्षेत्र का माहौल पहले की तुलना में काफी बेहतर रहेगा। ऑफिस में हंसी-मजाक और हल्का-फुल्का मनोरंजन भी देखने को मिलेगा। किसी सहकर्मी की ओर से पार्टी मिल सकती है। कुल मिलाकर आज का दिन ऑफिस में सकारात्मक हेगा।

मीन राशि के जातकों का मूड थोड़ा खराब रह सकता है। विपरीत हालातों से मन परेशान रहेगा। युवा वर्ग को दाम्पत्य जीवन अथवा प्रेम संबंधों को लेकर शिकायत रहेगी। जीवन साथी का भरोसा जीतना जरूरी होगा। कुछ जरूरी खर्चे भी सामने आयेंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# आगरा से दिल्ली जाएगा नगर कीर्तन

## श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 वे शहीदी दिवस पर होंगे भव्य आयोजन

- गुरु का ताल से शुरू हो चांदनी चौक शीशगंज पर होगा समापन
- 24 नवंबर को गुरुद्वारा माईथान और 25 नवंबर को गुरु का ताल में होंगे भव्य समागम

एनएनआई



**आगरा।** सिख धर्म के नौवें गुरु हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब महाराज और उनके तीन सिखों भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयाला का इस वर्ष 350 वा शहीदी शताब्दी वर्ष पूरी दुनिया भर में भव्यता के साथ मनाया जा रहा है ।

गुरु तेग बहादुर साहिब महाराज का आगरा से विशेष जुड़ाव रहा और उनके कई बार आगरा में चरण पड़े । आगरा में गुरु तेग बहादुर साहिब के दो ऐतिहासिक स्थान गुरुद्वारा गुरु का ताल और गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा माईथान इस शताब्दी वर्ष को बहुत ही भव्यता के साथ बना रहे हैं। इन दोनों ऐतिहासिक स्थानों पर होने वाले समागमों की जानकारी देते हुए इन सभी कार्यक्रमों का पोस्टर विमोचन गुरुद्वारा गुरु का ताल में संयुक्त रूप से किया गया।

गुरुद्वारा गुरु का ताल के मौजूदा मुखी संत बाबा प्रीतम सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब महाराज ने अपनी शहादत कश्मीरी ब्राह्मणों की फरियाद को सुन औरंगजेब की मुगलिया हुकूमत द्वारा किये जा रहे अत्याचार से हिंदुत्व , सनातन और तिलक व जिनेऊ की रक्षा के लिए दी थी। जिसके चलते उन्हें हिंद की चादर के नाम से भी पूरी दुनिया में जाना जाता है।

गुरुद्वारा माईथान के के प्रधान कमलदीप सिंह ने बताया कि 350 में शताब्दी वर्ष के चलते देशभर में वर्ष भर अनेक नगर कीर्तन व यात्राओं का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में आगरा में गुरु महाराज के गिरफ्तारी स्थल आगरा के गुरुद्वारा गुरु का ताल से लेकर गुरुजी के शहादत स्थान गुरुद्वारा शीशगंज साहिब चांदनी चौक तक एक विशाल नगर कीर्तन 22 नवंबर को जा रहा है । 350 वर्ष पूर्व इसी मार्ग से गुरु महाराज को गिरफ्तार कर आगरा से दिल्ली ले जाया गया था ।नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की आकर्षक पालकी , पंज प्यारे साहिबान, निशांनची साहिबान ,के साथ-साथ आगरा के लगभग 15 गुरुद्वारों के रागी जत्थे, संगत के साथ वाहनों के माध्यम से 22 नवंबर को प्रातः 6:00 बजे गुरुद्वारा गुरु का ताल से रवाना होंगे। इस दौरान जसपाल सिंह चावला, परमजीत मक्कड़, श्याम भोजवानी ,प्रवीण अरोड़ा , बंटी ग्रोवर, परमजीत सिंह सरना ,लकी सेठिया पाली सेठी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# डॉ. बीआर विवि बनेगा वैश्विक शोध केंद्र

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जुटेंगे विश्व के वैज्ञानिक



एनएनआई

**आगरा।** डॉ भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय एक बार फिर वैश्विक शैक्षणिक समुदाय के केंद्र में आ गया है। विश्वविद्यालय के आईबीएस खंदारी परिसर में गणित विभाग द्वारा एलेनहाउस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर के साथ हुए एमओयू के अंतर्गत इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन क्रिप्टोलॉजी एंड नेटवर्क सिक्योरिटी विथ मशीन लर्निंग के तृतीय संस्करण का आयोजन 22 दिसंबर को किया जा रहा है। इस आयोजन संबंधी जानकारी विभागाध्यक्ष और निदेशक प्रो. संजय चौधरी ने दी।

उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन की शुरूआत वर्ष 2022 में प्रो. अतुल चतुर्वेदी (अतिरिक्त निदेशक, एआईटी कानपुर) ने पद्मश्री प्रो. विमल कुमार रॉय (इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, कोलकाता) और इजराइल के प्रख्यात गणितज्ञ प्रो. बोआज त्साबान (बार-इलान विश्वविद्यालय, इजराइल) के सहयोग से की थी। तीन वर्षों में यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और प्रौद्योगिकी संगठनों से जुड़े विशेषज्ञ क्रिप्टोग्राफी, नेटवर्क सिक्योरिटी, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते शोध क्षेत्रों पर अपने शोध प्रस्तुत करेंगे।

गणित विभाग ने विश्वास व्यक्त किया है कि ICCNSML-25 युवा शोधकताओं और विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शोध संस्कृति से जोड़ने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा तथा आगरा विश्वविद्यालय की वैश्विक प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ करेगा।

# आत्मनिर्भर भारत बनाने के दिए टिप्स

## सहकार भारती आगरा ने मनाया सहकारिता सप्ताह



एनएनआई

**आगरा।** सहकार भारती आगरा जनपद एवं महानगर इकाई द्वारा ताजगंज स्थित एक होटल में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य फोकस सहकारिता कृषि और आत्मनिर्भर भारत रहा। कार्यक्रम में प्रदेश सह महिला प्रमुख करुणा नागर ने कहा कि सहकारिता महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह और महिला मंडल कृषि-प्रसंस्करण और मूल्य-वर्धन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सत्यदेव शर्मा ने कहा कि सहकारिता कृषि ही किसानों को सशक्त बनाने का वास्तविक मॉडल है। सामूहिक संसाधन, संयुक्त विपणन और सामूहिक निर्णय किसान को बाजार में मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि आत्मनिर्भर भारत का आधार भी मजबूत सहकारिता ढाँचा है। डॉ. मनिका कपूर ने सहकारिता योजनाओं को गाँवगाँव पहुँचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज भी कई किसान योजनाओं की जानकारी के अभाव में उनका लाभ नहीं ले पाते। जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण शिविर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। प्रदेश मंत्री (बृज क्षेत्र) डॉ. रजनीश त्यागी ने कहा कि आने वाला समय कॉरपोरेट और कोऑपरेटिव–दो व्यवस्थाओं का होगा। भारत के पास सहकारिता मॉडल को व्यापक स्तर पर अपनाने का ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि सहकारिता में समाज का उत्थान प्राथमिकता है, लाभ कमाना नहीं।

डॉ. हरेंद्र दुबे ने कहा कि स्वदेशी सहकारिता मॉडल भारत की आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करता है। स्थानीय संसाधन, स्थानीय उत्पादन और स्थानीय कौशल–इन तीनों के समन्वय से सहकारिता कृषि को और मजबूत बनाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश यूनियन लिमिटेड के निदेशक एवं आगरा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री प्रदीप भाटी ने सहकारिता कृषि से जुड़ी बैंक योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सहकार भारती के माध्यम से आवेदन करने वाले, चाहे वे भूमिहीन हों, को भी हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष आशीष गौतम, मंत्री जितेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, अक्षय ऊर्जा प्रकोष्ठ प्रमुख अजय गर्ग, मीडिया प्रमुख विकास शर्मा, मंत्री अकरम खान, साथ ही देवेंद्र सिंह, कोक सिंह सिसोदिया, पूजा शर्मा और अन्य पदाधिकारी गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे।

# रेल पटरियों की सुरक्षा को मिला डिजिटल कवच

- डिजिटल डेटा संग्रहण, विश्लेषण और त्वरित कार्यवाही से संरक्षा को मिल रहा नया आयाम

एनएनआई



**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के मार्गदर्शन में आगरा रेल मंडल द्वारा यात्री सुविधाओं के साथ-साथ रेल बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में लागतार कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में आगरा मंडल में रेल पटरियों की आंतरिक संरचना की सूक्ष्म जांच के लिए अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। यह नवीनतम तकनीक रेल की पटरियों में समय के साथ उत्पन्न होने वाले आंतरिक दोषों को प्रारंभिक अवस्था में ही चिन्हित कर लेती है, जिससे आवश्यक अनुरक्षण कार्य समय पर पूरा किया जा सके और यात्री व मालगाड़ियों का परिचालन पूरी तरह सुरक्षित और संरक्षित रह सके।

आगरा मंडल में वर्तमान में लगभग 1509 किलोमीटर ट्रैक की नियमित रूप से मशीनों द्वारा जांच की जा रही है। इस जांच की आवृत्ति ट्रेनों के आवागमन के घनत्व पर आधारित होती है और मंडल के विभिन्न सेक्शनों में प्रत्येक दो से चार माह में ट्रैक की जाँच की जाती है।

मंडल में वर्तमान में कुल 09 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 13 प्रशिक्षित इंजीनियर कार्यरत हैं। ये सभी इंजीनियर बी-स्कैन मशीनों से लैस हैं, जो ट्रैक की आंतरिक स्थिति को डिजिटल रूप में दर्ज कर तुरंत विश्लेषण की सुविधा प्रदान करती हैं। वेल्ड की सटीक जांच हेतु सभी टीमों को डिजिटल वेल्ड टेस्टर भी प्रदान किए गए हैं, जिससे वेल्डिंग खामियों का सटीकता से पता लगाया जा सके।

ट्रैक जांच के दौरान संपूर्ण कार्य का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाता है, जिसे विश्लेषण कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है। वर्ष 2025-26 में मंडल के स्तर पर 3612.1 किलोमीटर ट्रैक, 24527 वेल्ड, 1673 टर्नआउट और 1745 स्वीच एक्सपेंशन जॉइंट्स की सूक्ष्मता से जांच की गई। इस जांच के दौरान विभिन्न नए फ्लॉ चिन्हित किए गए, जिनकी तत्काल मरम्मत कर दी गई, जिससे ट्रेनों के संचालन में कोई व्यवधान न आए और संरक्षा मानकों का पूर्ण पालन हो सके।आगरा मंडल के वरिष्ठ इंजीनियरों को समय-समय पर आरडीएसओ लखनऊ एवं इरिसेन पुणे जैसे संस्थानों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है, ताकि वे नवीनतम तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य कर सकें और संरक्षा में निरंतर सुधार किया जा सके। तकनीक आज भारतीय रेलवे की संरक्षा प्रणाली का एक अविभाज्य अंग बन चुकी है।